COVID-19 VACCINATION

NSW GOVERNMENT

LET'S DO THIS – Hindi

बच्चों (5-11 वर्ष) के लिए COVID-19 टीकाकरण

अभी बुक करें

5 - 11 वर्ष की आयु के बच्चों को COVID-19 का टीका क्यों लगवाना चाहिए?

COVID-19 एक ऐसा वायरस है जो गंभीर बीमारी और मृत्यु के साथ-साथ दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। यह लोगों के बीच बहुत आसानी से फैल सकता है और कभी-कभी इसमें बहुत कम या कोई लक्षण नहीं होते हैं, जिससे यह जानना मुश्किल हो जाता है कि आप इसे दूसरों को देने से पहले संक्रमित हैं या नहीं।

भले ही बच्चों में COVID-19 संक्रमण वयस्कों की तुलना में अक्सर हल्का होता है, फिर भी बच्चों को टीकाकरण का समर्थन करने के प्रबल कारण हैं:

- टीके प्रतिरक्षा प्रणाली को सहायता प्रदान करते हैं। अपने बच्चे का टीकाकरण करके, आप उन्हें COVID-19 से गंभीर बीमारी होने से और संभावित दीर्घकालिक प्रभावों से बचाने में मदद कर रहे हैं।
- टीकाकरण सभी उम्र के अतिसंवेदनशील लोगों सहित मित्रों, परिवार और समुदाय की रक्षा करने में भी मदद करता है, जिससे संचरण को कम करने में मदद मिलती है।
- टीकाकरण बच्चों को स्कूल में रखने और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने में मदद करता है जो उनके सीखने और विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

दुनिया भर में लाखों बच्चों को पहले ही COVID-19 के खिलाफ सुरक्षित रूप से टीका लगाया जा चुका है। साक्ष्य से पता चलता है कि टीकाकरण बच्चों में COVID-19 से गंभीर बीमारी से उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदान करता है और आपके परिवार को सुरक्षित और स्वस्थ्य रखने में मदद करता है।

क्या बच्चों को वयस्कों के समान टीके और खुराक मिलते हैं?

नहीं। 5-11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए स्वीकृत टीका एक विशेष Pfizer (Comirnaty) बाल चिकित्सा टीका है, जिसमें दो खुराक 8 सप्ताह के अंतराल पर दी जाती हैं।

5-11 वर्ष की आयु के बच्चों में Pfizer वैक्सीन की खुराक 12 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को दी जाने वाली खुराक की लगभग एक तिहाई है। इस आयु वर्ग में एक छोटी खुराक का उपयोग किया जाता है क्योंकि यह बच्चों में 12 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को दी जाने वाली खुराक के समान उच्च स्तर की सुरक्षा प्राप्त कर सकता है।

क्या बच्चों के लिए दुष्प्रभाव वयस्कों के समान हैं?

हाँ। बच्चे COVID-19 वैक्सीन प्राप्त करने के बाद वयस्कों के समान सामान्य दुष्प्रभावों का अनुभव कर सकते हैं।

ये दुष्प्रभाव आम तौर पर हल्के होते हैं और एक या दो दिन बाद चले जाते हैं और इसमें शामिल हो सकते हैं:

- सिरदर्द
- बुखार और ठंड लगना
- थकावट / थकान
- मांसपेशियों में दर्द और इंजेक्शन वाली जगह पर बाजु में दर्द

मामूली दुष्प्रभाव सामान्य हैं और यह दिखाते हैं कि प्रतिरक्षा प्रणाली टीके के प्रति प्रतिक्रिया कर रही है। टीकों से होने वाले और अधिक गंभीर दुष्प्रभाव बहुत दुर्लभ होते हैं, उन्हीं समान दुष्प्रभावों का खतरा खुद COVID-19 से ग्रस्त होने से कहीं अधिक होता है। यदि दुष्प्रभाव बने रहते हैं या आप चिंतित हैं, तो अपने चिकित्सक से बात करें।

> अपना COVID-19 टीकाकरण आज ही nsw.gov.au पर बुक करें

© NSW Ministry of Health December 2021

क्या गंभीर दुष्प्रभाव के जोखिम का मतलब यह है कि मुझे अपने बच्चे का टीकाकरण नहीं करवाना चाहिए?

नहीं। ऑस्ट्रेलिया में उपयोग किए जाने वाले सभी COVID-19 टीकों की सुरक्षा प्रोफ़ाइल अच्छी है और चिकित्सीय सामान प्रशासन (TGA) और ऑस्ट्रेलियाई तकनीकी सलाहकार समूह टीकाकरण (ATAGI) द्वारा अनुमोदित और उपयोग के लिए अनुशंसित होने से पहले उनका कड़ाई से परीक्षण और मूल्यांकन किया गया है।

आज तक संयुक्त राज्य अमेरिका में 5 मिलियन से अधिक बच्चों और दुनिया भर में 5 - 11 वर्ष की आयु के लाखों बच्चों ने सुरक्षित रूप से COVID-19 वैक्सीन प्राप्त किया है।

क्या COVID-19 टीकाकरण मेरे बच्चे /बच्ची के विकास, वृद्धि या भविष्य की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करेगा?

नहीं। इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि COVID-19 का टीका बच्चे /बच्ची के विकास और वृद्धि को प्रभावित कर सकता है।

COVID-19 के दीर्घकालिक प्रभाव स्वास्थ्य और लोक कल्याण पर स्थायी प्रभाव डाल सकते हैं। वायरस से ग्रस्त होने से होने वाली जटिलताओं का जोखिम आमतौर पर टीकाकरण के हल्के दुष्प्रभावों से अधिक होता है।

अगर मेरे बच्चे को पहले से ही COVID-19 हो चुका है तो क्या मेरे बच्चे को टीका लगवाना चाहिए?

हाँ। जिन बच्चों को COVID-19 हुआ है, उन्हें एक और संक्रमण से बचाने में मदद करने के लिए अपनी बीमारी से उबरने के बाद एक टीकाकरण प्राप्त करना चाहिए।

क्या मेरी सहमति के बिना मेरे बच्चे/बच्ची को टीका लगाया जा सकता है?

नहीं। 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए माता-पिता या कानूनी अभिभावक को COVID-19 वैक्सीन प्राप्त करने के लिए सहमति देने की आवश्यकता होती है।

बुकिंग करते समय और फिर अपॉइंटमेंट के समय सहमति की आवश्यकता होती है। यदि माता-पिता या अभिभावक बच्चे के साथ अपॉइंटमेंट में शामिल नहीं हो सकते हैं, तो वे बुकिंग प्रक्रिया के दौरान ऑनलाइन सहमति पूरी करते हुए अपनी जगह पर किसी अन्य वयस्क को अपॉइंटमेंट में शामिल होने के लिए नामित कर सकते हैं।

नामांकित वयस्क का विवरण बुकिंग के दौरान प्रदान किया जाना आवश्यक है ताकि अपॉइंटमेंट के दिन उनकी पहचान और प्रॉक्सी द्वारा सहमति देने की अनुमति को सत्यापित किया जा सके।

सहमति के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें: Vaccination consent FAQs for parents and guardians (माता-पिता और अभिभावकों के लिए टीकाकरण सहमति से जुड़े अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न)।

क्या बच्चों के लिए (स्कूल और खेल आदि सहित) COVID-19 टीकाकरण अनिवार्य है?

नहीं। COVID-19 के खिलाफ टीकाकरण अनिवार्य नहीं है, लेकिन इसे करवाने के लिए अत्यधिक प्रोत्साहित किया जाता है।

स्कूल या सामुदायिक खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए बच्चों को COVID-19 वैक्सीन लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

क्या मेरे बच्चे का बूस्टर टीकाकरण हो सकता है?

नहीं। प्राथमिक टीकाकरण कोर्स कम आयु के लोगों में एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करता है।

ATAGI विचार करेगा कि भविष्य में इस आयु वर्ग के लिए बूस्टर खुराक की आवश्यकता है या नहीं,

क्या बच्चों को स्कूल में COVID-19 से लड़ने के लिए टीका लगाया जाएगा?

नहीं। अपने जीपी, स्थानीय फार्मेसी, आदिवासी समुदाय नियंत्रित स्वास्थ्य सेवा या NSW स्वास्थ्य टीकाकरण क्लिनिक के माध्यम से अपने बच्चे की COVID-19 वैक्सीन के लिए बुकिंग करें।

मैं कैसे बुक करूं?

माता-पिता को अपने बच्चे के लिए जल्द से जल्द एक टीकाकरण अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अभी ऑनलाइन बुक करें – www.nsw.gov.au/COVID-19/vaccination/get-vaccinated

बुक करने के लिए कॉल करें: बुकिंग हेल्पलाइन: 1800 57 11 55 पर / अनुवाद और दुभाषिया सेवा (TIS): 131 450 पर

© NSW Ministry of Health December 2021